हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 16 मई 2025

11 रोवर तकनीक से भूमि की पैमाइश करने के तरीकों की दी जानकारी



12 बैंकों, पेट्रोल पंप व ठेकों पर सीसीटीवी लगाने के



## खबर संक्षेप

### मकान से लाखों की नकदी व गहने चोरी

**फतेहाबाद।** शिव चौक स्थित एक मकान से लाखों की नकदी व गहने चोरी होने का समाचार है। इस बारे सूचना मिलते ही शहर फतेहाबाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में महिला चरण देवी ने कहा है कि उसकी भीमा बस्ती में शिव चौक के समीप मकान है। गत दिवस रात को अज्ञात चोर उसके मकान में घुस गए और वहां से 1 लाख 25 हजार रुपये की नकदी के अलावा तीन सोने की अंगूठियां और एक सोने की चैन चोरी कर ले गए।

### पत्नी पर जानलेवा हमला करने पर पति गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जाखल पुलिस ने अपनी पत्नी पर जानलेवा हमला करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कर्मचंद उर्फ लाला पुत्र नारायण दास निवासी वार्ड नं. 8, कुदनी हैड के रूप में हुई है। थाना जाखल प्रभारी कुलदीप सिंह ने इस बारे जानकारी देते हुए बताया कि इस संबंध में पुलिस ने 9 मई को गांव ढंढूर, जिला हिसार निवासी राजेन्द्र की शिकायत पर मामला दर्ज किया था।

### पत्रकार मिलन समारोह व संगोष्ठी कल

**सिरसा।** विश्व संवाद केंद्र, हरियाणा व जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के संयुक्त आयोजन में 17 मई को प्रातः 10.30 बजे चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के टैगोर भवन के सभागार में ब्रह्मांड के आदि पत्रकार देव ऋषि नारद की जयंती के उपलक्ष्य में पत्रकार मिलन समारोह व संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।

### सस्ते मसाले देने के नाम पर हजारों ठगे

**फतेहाबाद।** टोहाना में सस्ते मसालें खरीदने के नाम पर एक युवक से हजारों की ठगी का मामला सामने आया है। इस मामले में जाखल पुलिस ने पीड़ित युवक की शिकायत पर धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में टोहाना के गांव म्योंद कलां निवासी तरणजीत सिंह ने कहा है कि उसके पास जस्ट डायल ऑनलाइन प्लेटफार्म से किसी अनजान व्यक्ति ने कॉल की। फोन करने वाले ने कहा कि वह जैन ट्रेडिंग कम्पनी से बोल रहा है और वह मसालों के होलसेल का काम करता है।

### जिला स्तरीय कैरम बोर्ड खेल टीम का चयन कल

**सिरसा।** फरीदाबाद में आयोजित होने वाली स्टेट कैरम बोर्ड खेल प्रतियोगिता के लिए जिला सिरसा के खिलाड़ियों का चयन 17 मई को ऐलनाबाद के डीएवी सेनेटरी पब्लिक स्कूल के ऑडिटोरियम में किया जाएगा। इस अवसर पर आयु वर्ग 12 वर्ष, 14 वर्ष, 18 वर्ष एवं सीनियर आयु वर्ग के लडक़े और लड़कियों के मुकाबले करवाएं जाएंगे।

### घर से आभूषण-नकदी चोरी, आरोपी दबोचा

**सिरसा।** सदर थाना सिरसा पुलिस ने वैदवाला क्षेत्र में स्थित एक मकान से सोने-चांदी के आभूषण व नकदी चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर सुखदेव सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान सतनाम सिंह निवासी रेहन खेड़ी थाना भूना जिला फतेहाबाद के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि पीड़ित मुकेश राम निवासी गांव वैदवाला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मेहनत मजदूरी का काम करता है तथा गांव वैदवाला के नजदीक खेत में बने मकान में रहता है। बीते वर्ष 2 दिसंबर को मकान पर ताला लगाकर परिवार सहित काम पर चले गए थे।

---

### 10 सालों में दोगुणा हुई सड़कों पर दौड़ते वाहनों की संख्या

# शहर की आबादी एक लाख, संकरे होते बाजार व वाहनों से लगा रहता है जाम

**प्रतिवर्ष जिले में 7 हजार के करीब बाइक, 1200 से 1500 कारें और 500 से 600 नए ट्रैक्टरों का हो रहा रजिस्ट्रेशन**

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

फतेहाबाद की आबादी 10 सालों में बढ़कर दोगुना हो गई। इस बीच नए वाहनों की संख्या भी एक लाख तक बढ़ गई। यानि कि प्रति वर्ष करीब 10 हजार नए वाहन फतेहाबाद में आ रहे हैं। 10 वर्ष पूर्व यहां 80 हजार वाहन थे। यह संख्या अब बढ़कर 1 लाख 80 हजार को पार कर गई है। यानि कि शहर में प्रतिदिन 30 नए वाहन सड़कों पर दौड़ने के लिए आ रहे हैं। पिछले साढ़े 4 सालों की बात करें तो फतेहाबाद जिले में 35763 पंजीकृत वाहनों में से डीजल वाहनों की संख्या मात्र 20 प्रतिशत यानि 7022 है जबकि इस दौरान कुल 28069 पेट्रोल वाहन पंजीकृत हुए हैं। पिछले दो सालों से इलैक्ट्रिक वाहनों के अलावा सीएनजी व एलपीजी वाहनों की संख्या में भी इजाफा हो रहा है। बड़ी बात यह है कि शहर के दोनों दिशा में बाईपास और हाइवे तो बने लेकिन शहर में इन्फ्रास्ट्रक्चर खड़ा न होने से आज भी दिनभर जगह-जगह जाम लगे रहते हैं। वाहनों के लिए न पार्किंग है, ना ही कोई उचित जगह। हर वाहन मालिक शहर में वाहन ले जाता है और इसी चक्कर में पूरा दिन जाम लगा रहता है। एसडीएम कम वाहन पंजीकरण कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2014-15 तक यहां 70 हजार 800 वाहन पंजीकृत थे, जिनमें बाहरी जिलों से ट्रांसफर होकर आए वाहन भी शामिल हैं। इनमें सबसे ज्यादा मोटरसाइकिल, फिर कार और उसके बाद ट्रेक्टरों का नंबर आता है। साल दर साल करीबन 10 हजार वाहन नए पंजीकृत होते रहे, जिनकी संख्या अब भी बदस्तूर बढ़ रही है। एक आंकड़े के अनुसार प्रतिवर्ष जिले में 7 हजार के करीब मोटरसाइकिल, 1200 से 1500 नई कारें और 500 से 600 नए ट्रैक्टरों का रजिस्ट्रेशन हो रहा है। समय के साथ शहर की आबादी बढ़ी तो बाहरी क्षेत्रों में बदलाव भी आया।



फतेहाबाद। नेशनल हाइवे पर लगा जाम। *फोटो : हरिभूमि*

| वर्ष | कुल वाहन | कार | बाईक/स्कूटर | ट्रैक्टर |
|---|---|---|---|---|
| 2016 | 8352 | 1237 | 6502 | 555 |
| 2017 | 8458 | 1168 | 6659 | 554 |
| 2018 | 13043 | 2930 | 8591 | 1359 |
| 2019 | 10534 | 2221 | 8275 | 758 |
| 2020 | 11754 | 1559 | 8886 | 1150 |
| 2021 | 7906 | 1108 | 5700 | 967 |
| 2022 | 6623 | 1208 | 4180 | 1119 |
| 2023 | 6808 | 1246 | 4479 | 998 |
| 2024 | 2672 | 627 | 1543 | 467 |

#### शहर में बनी पार्किंग के फायदे कम, नुकसान ज्यादा

दिल्ली से डबवाली नेशनल हाइवे का निर्माण होने से यहां ट्रेफिक का बोझ कुछ कम हुआ। इसके अलावा फतेहाबाद डिस्ट्रीब्यूटरी की एक दिशा में हिसार से सिरसा मिनी बाईपास का निर्माण होने से भी वाहन कन्वर्ट हुए लेकिन इन सबके बीच नहीं बदली तो शहर की दशा और दिशा। आज भी पुराने बस स्टैण्ड से नए बस स्टैण्ड के बीच गुजर रहे मुख्य बाजार थाना रोड, जवाहर चौक व डीएसपी रोड पर सुबह 9 बजे से लेकर शाम 8 बजे तक जाम की स्थिति रहती है। वजह है संकरी होते बाजार, दुकानों के बाहर अतिक्रमण और ओवरलोड वाहनों को शहर सहन नहीं कर पा रहा। शहर में एक पार्किंग तो बनी लेकिन शहर के बीचों-बीच बनने से उसके फायदे कम, नुकसान ज्यादा है। शहरवासियों की मांग है कि बाजार से बाहर पार्किंग बनाई जाए। नई अनाज मण्डी को यहां से शिफ्ट किया जाए। बाजारों से अतिक्रमण हटाया जाए।

#### डीजल पर चलने वाली बसों पर रोक की सिफारिश

पेट्रोलियम मंत्रालय के पैनल की ओर से डीजल गाडियों पर बैन को लेकर जो सिफारिश की गई थी, उसके मुताबिक 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों में साल 2027 तक डीजल से चलने वाली कारों-एसयूवी पर रोक लगाने का प्रस्ताव दिया गया था। इस प्रस्ताव के तहत पैनल ने अगले साल यानी 2024 से सिर्फ इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के रजिस्ट्रेशन पर जोर देने की बात कही थी। इसके अलावा शहरी इलाकों में डीजल से चलने वाली बसों पर भी रोक लगाने की सिफारिश की गई थी। हालांकि फतेहाबाद जिला इस Yणी में अभी नहीं आता लेकिन प्रदूषण के मामले में प्रदेश में नंबर वन रहने वाले फतेहाबाद जिला पर सरकार कभी भी सख्त एक्शन ले सकती है। फतेहाबाद में प्रदूषण का स्तर आम तौर पर बेहद खराब रहता है। खासकर धान के सीजन के बाद वायु गुणवत्ता सूचकांक 400 को पार कर जाता है।

#### डीजल व पेटोल वाहन पंजीकरण

| साल | डीजल | पेट्रोल |
|---|---|---|
| 2020 | 2044 | 9585 |
| 2021 | 1314 | 6393 |
| 2022 | 1534 | 4922 |
| 2023 | 1387 | 5190 |
| 2024 | 642 | 1939 |

*(नोट : इसमें सीएनजी, इलैक्ट्रिक व एलपीजी वाहन शामिल नहीं है)*

---



सिरसा। पकड़े गए आरोपी पुलिस गिरफ्त में। *फोटो : हरिभूमि*

## एक करोड़ की ठगी के मामले में दो गिरफ्तार

- साइबर क्राइम थाना पुलिस ने साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

साइबर क्राइम थाना पुलिस ने साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत केसीएल एप्प से जोडक़र शेयर मार्केट में ट्रेडिंग कर मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर एक करोड़ 8 लाख रुपए की साइबर धोखाधड़ी करने के मामले में दो अन्य आरोपियों को राजस्थान के बीकानेर क्षेत्र से काबू किए हैं। साइबर थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र ने बताया कि सिरसा निवासी विशाल पुत्र संतलाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह प्राइवेट बिजनेस करता है। पीड़ित ने बताया कि उसके दोस्त राजेंद्र कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी भारत नगर व दीपक कुमार पुत्र रणबीर निवासी गांव रुपाणा खुर्द तहसील नाथुसरी चौपटा खुद शेयर मार्किट मे पैसा लगाकर कम समय में मोटा मुनाफा कमाने का काम करते है। उन्होंने बताया कि पीड़ित व्यक्ति व उसके साथियों ने राजेंद्र कुमार के फेसबुक अकाउंट में स्पॉन्सर्ड नाम के एक विज्ञापन पर क्लिक कर शेयर मार्किट में पैसा लगाकर मोटा मुनाफा कमाने के बारे में जानकारी हासिल करने की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान फेसबुक पेज पर एक लिंक आया जिस पर क्लिक करते ही एक व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़ गए।

#### थाने में दी शिकायत

थाना प्रभारी ने बताया कि साइबर अपराधियों के चुंगल में फस कर तीनों व्यक्तियों ने धीरे-धीरे कर करीब एक करोड़ 8 लाख रुपए का इंवेस्टमेंट कर दिया। पीड़ितों को उनके द्वारा लगाए गए पैसों पर लगातार मुनाफा दिखाया जा रहा था। उन्होंने बताया कि कुछ समय बाद पीड़ित व्यक्तियों ने इंवेस्टमेंट की राशि व रिटर्न के पैसे वापस निकालने के एप पर क्लिक किया तो एप पूरी तरह से बंद हो गया। उन्होंने बताया कि जब तक पीड़ित व्यक्तियों को एहसास होता पूरी तरह से साइबर धोखाधड़ी के शिकार हो चुके थे। शिकायत के आधार पर साइबर थाना सिरसा में ठगी का मामला दर्ज कर जांच शुरु की गई थी।

---

## हेरोइन सप्लायर को किया गिरफ्तार

- नशीले पदार्थों की सप्लाई चेन को तोड़ने के लिए पुलिस के विशेष अभियान के तहत कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

नशा तस्करों और नशीले पदार्थों की सप्लाई चेन को तोडऩे हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत फतेहाबाद पुलिस ने हेरोइन सप्लाई करने वाले हिसार के एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुखविंद्र उर्फ काका पुत्र पहलवान निवासी पीरांवाली, जिला हिसार के रूप में हुई है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा ताकि सप्लाई नेटवर्क की गहराई से जांच की जा सके। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी एसआई ओमप्रकाश ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 23 नवंबर 2024 को एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। गश्त के दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध युवक मोटरसाइकिल पर अशोक नगर रोड, नेशनल हाईवे बाईपास के निकट खड़ा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस टीम ने युवक को काबू किया, जिसकी पहचान हरजिंद्र सिंह उर्फ काका पुत्र जगीर सिंह निवासी अशोक नगर, फतेहाबाद के रूप में हुई थी। पुलिस ने उसके कब्जे से 11 ग्राम हेरोइन बरामद की थी। पूछताछ के दौरान हरजिंद्र सिंह ने खुलासा किया कि उसे यह हेरोइन हिसार निवासी सुखविंद्र उर्फ काका ने सप्लाई की थी। उसी आधार पर पुलिस इस सप्लायर की तलाश में जुटी हुई थी। निरंतर प्रयासों के चलते पुलिस ने अब आरोपी को हिसार-सिरसा बाईपास से गिरफ्तार कर लिया है, उसके कब्जा से 2 हजार रुपये की नगदी भी बरामद की है।



फतेहाबाद। पुलिस गिरफ्त में हेरोइन सप्लायर युवक। *फोटो : हरिभूमि*

## मेडिकल स्टोर संचालक एमटीपी किट बेचते काबू

- सिविल सर्जन की टीम ने कार्रवाई करते हुए रंगे हाथों पकड़ा, मेडिकल स्टोर सील

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव अहरवां में अवैध तरीके से गर्भपात के लिए एमटीपी किट बेचते मेडिकल स्टोर संचालक को रंगे हाथ काबू किया है। टीम ने मेडिकल स्टोर को सील कर मेडिकल स्टोर संचालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में स्वास्थ्य विभाग से डॉ. निरपाल शिकायत में उन्होंने कहा कि सिविल सर्जन फतेहाबाद को गुप्त सूचना मिली थी कि संगत मेडिकोज, गांव अहरवां में अवैध रूप से एमटीपी किट बेची जा रही है। इसके बाद सिविल सर्जन ने एक टीम का गठित किया। टीम ने दोपहर को अपने पास से एक डिकोय को एक हजार रुपये देकर उक्त मेडिकल स्टोर पर भेजा और टीम ने कुछ दूरी से नजर बनाए रखी। डिकोय ने संगत मेडिकोज पर बैठे व्यक्ति से कहा कि उसकी गर्लफ्रेंड प्रेगनेंट है। कुछ देर बातचीत करने के बाद मेडिकल स्टोर संचालक ने डिकोय को एक हजार रुपये में किट देने को राजी हो गया।





फतेहाबाद। अहरवां में मेडिकल स्टोर को सील करते स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी।

#### मेडिकल स्टोर से मिली 3700 नशीली गोलियां

**कालांवाली।** पुलिस ने औषधि नियंत्रण अधिकारी केशव को साथ लेकर जस्सी मेडिकल को चेक किया तो मेडिकल पर 3700 नशीली गोलियों व कैप्सूल बरामद करने में सफलता हासिल की। मेडिकल संचालक जसदीप सिंह पुत्र अवतार सिंह निवासी सुखचैन जिला सिरसा को नोटिस दिया गया। चौकी शहर कालांवाली प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि मुख्य सिपाही शिवकुमार को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना मिली कि जस्सी मेडिकल स्टोर संचालक नशे में प्रयुक्त होने वाली गोलियां व कैप्सूल बेचता है। जिस पर ड्रग इंस्पेक्टर केशव विशिष्ट को बुलाकर मेडिकल को चेक किया गया तो मेडिकल पर नशे में प्रयुक्त होने वाले 2100 कैप्सूल सिगनोर व 1600 गोलियां मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की गई।

---



सिरसा। शहर में तिरंगा यात्रा निकालते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

## सेना ने आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिखाया पराक्रम : कृष्ण बेदी

- भाजपा ने सिरसा में निकाली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

देशभक्ति के संदेश के साथ तीनों सेनाओं व अन्य सशस्त्र बलों के सम्मान में बृहस्पतिवार को सिरसा में तिरंगा यात्रा-एक यात्रा देशभक्ति के नाम का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी के बावजूद, सिरसा की धरती आज देशभक्ति के जोश से सराबोर रही। भारत माता की जय के नारों के साथ भारी संख्या में नागरिक इस तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। तिरंगा यात्रा नेहरू पार्क से शुरू होकर शहीद भगत सिंह चौक पर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि भी दी गई। इस दौरान राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि देशभक्ति के संदेश के साथ सशस्त्र बलों के सम्मान में पूरे प्रदेश में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। सिरसा में भयंकर गर्मी के बावजूद भारतीय सेना व सशस्त्र बलों के सम्मान में निकाली गई इस यात्रा में सैंकड़ों की संख्या में नागरिक शामिल हुए हैं।

#### पाकिस्तान को आना पड़ा घुटनों पर

प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम से कुछ ही घंटों में पाकिस्तान को घुटनों के बल पर आना पड़ा। दुनिया की सबसे मजबूत सेना का शौर्य देखने को मिलाए युद्ध के दौरान जिन सैनिकों ने अपना बलिदान दिया। देश की आन-बान और शान को बढ़ाने का काम किया, उनके सम्मान में यह तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने कहा कि भारतीय सेना द्वारा की गई कार्रवाई को दो महिला अधिकारियों ने अपनी बात को देश के समक्ष रखा।

---

## सीबीएसई 10वीं में देव ने 96.6 अंक लेकर किया जिले में टॉप

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

सीबीएसई द्वारा घोषित 10वीं के परीक्षा परिणाम में मिशन बुनियाद के तहत शिक्षा ग्रहण कर रहे सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों ने भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भूना में चल रहे मिशन बुनियाद सैंटर के छात्र देव ने 96.6 प्रतिशत अंक लेकर मिशन बुनियाद स्टूडेंटस में जिला टॉप किया है। देव की इस शानदार कामयाबी पर जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई, जिला विज्ञान विशेषज्ञ मुकेश कुमार ने स्कूल के प्रिंसीपल नरेश कुमार, अव्वल रहे छात्र देव के अलावा उसके अभिभावकों व अध्यापकों को बधाई दी है। डीईओ संगीता बिश्नोई ने कहा कि मिशन बुनियाद सरकार की वह पहल है, जिसके माध्यम से कक्षा नौवीं और दसवीं के विद्यार्थियों की शैक्षणिक नींव को मजबूत किया जा रहा है। इसके तहत चयनित विद्यार्थियों को बेहतर तैयार के लिए न केवल मुफ्त कोचिंग दी जाती है वहीं अन्य सुविधाएं भी मुहैया करवाई जाती है। प्रिंसीपल नरेश कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा दिए जा रहे प्रोत्साहन का ही असर है कि दसवीं में बुनियाद सैंटर के छात्र देव ने 96.6 प्रतिशत अंक लेकर जिले का प्रदेशभर में नाम रोशन किया है। हिसार, सिरसा व फतेहाबाद जिले में मिशन बुनियाद सैंटरों में देव ने पहला स्थान हासिल किया है।



## डीएवी स्कूल रतिया में जिला पुलिस ने विद्यार्थियों को किया जागरूक

**रतिया।** जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान की कड़ी में आज डीएवी स्कूल रतिया में सेमिनार का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को उनके विरुद्ध होने वाले अपराधों के प्रति न केवल जागरूक करना है, बल्कि उन्हें उनके कानूनी अधिकारों और त्वरित सहायता संसाधनों की भी जानकारी देना है। महिला सुरक्षा टीम प्रभारी इंस्पेक्टर मंजू छात्राओं और महिला स्टाफ से संवाद किया। उन्हें घरेलू हिंसा, यौन उत्पीडऩ, साइबर अपराध, पीछा करना (स्टॉकिंग) और छेड़छाड़ जैसे गंभीर अपराधों के प्रकारों की जानकारी दी गई। साथ ही, इनसे बचाव के लिए कानून द्वारा प्रदान किए गए अधिकारों और कानूनी उपायों को विस्तार पूर्वक समझाया गया। उन्होंने छात्राओं को अवगत कराया गया कि वे डायल 112, दुर्गा शक्ति ऐप और अन्य महिला सुरक्षा संसाधनों का उपयोग करके किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस सहायता प्राप्त कर सकती हैं।

---

### स्वच्छ भारत मिशन के तहत जिला स्तरीय स्वच्छता कार्यशाला का आयोजन

## स्वच्छ भारत मिशन को आमजन बनाएं जनआंदोलन

- सुभाष चंद्र पंचायत भवन में कार्यशाला को संबाधित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन एक दिन या कोई निश्चित तिथि तक चलने वाला अभियान नहीं है बल्कि यह निरंतर चलने वाला अभियान है, इसमें सभी संबंधित विभाग व्यापक कार्ययोजना के साथ और बेहतर कार्य करें ताकि हमारा जिला और प्रदेश स्वच्छता की रैंकिंग मामले में प्रमुख जिलों में शामिल होते हुए स्वच्छ और सुंदर जिला बने। इसके लिए हमें स्वच्छ भारत मिशन को आमजन की भागीदारी के साथ जनआंदोलन बनाना होगा। सुभाष चंद्र वीरवार को पंचायत भवन में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण व शहरी) के तहत आयोजित जिला स्तरीय स्वच्छता कार्यशाला में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर जिला परिषद के सीईओ डा. सुभाष चंद्र व संबंधित विभागों के अधिकारी व ग्राम सचिव भी मौजूद रहे। उन्होंने अधिकारियों को जिला के गांवों में 615 बॉयोगैस प्लांट व दो गांवों में सिंचेवाल मॉडल के सफल क्रियांन्वयन पर बधाई दी और कहा कि जिला सिरसा स्वच्छता के मामले में हमेशा अव्वल स्थान पर रहा है। कार्यशाला के दौरान उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव में स्वच्छता कमेटियों का गठन किया जाए, जिसमें सरपंच, पूर्व सरपंच, धार्मिक व सामाजिक संस्थाएं, गांव के गणमान्य व्यक्ति और खिलाड़ियों को शामिल करें। उन्होंने कहा कि गांव का मुख्य द्वार गांव की पहचान होता है, इसलिए वहीं से स्वच्छता की शुरूआत करें। गांव में पेड़ पौधे लगाएं, ट्री गार्ड लगाएं व बैठने के लिए शैड बनाए जाएं। गांव की फिरनी पर भी स्वच्छता बनाए रखें, यदि गौरव पट्टï की स्थिति ठीक नहीं है तो उसे भी दुरुस्त करवाएं।

**ये रहे मौजूद:** इस मौके पर कार्यकारी अभियंता पंचायती राज गौरव भारद्वाज, कार्यकारी अधिकारी सुरेंद्र, नगर पालिका सचिव रानियां विक्रमजीत, नगर पालिका सचिव ऐलनाबाद रविंद्र, चीफ सेनेटरी इंस्पेक्टर जयवीर, स्वच्छ भारत मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुखविंद्र सिंह, मक्खन सिंह ख्योवाली, नितीश महेंद्रु, रोहित, पवन, सुरेंद्र कंबोज सहित एसडीओ, जेई व ग्राम सचिव मौजूद रहे।



सिरसा। कार्यशाला को संबोधित करते कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र।

#### गावों में स्वच्छता का करें मूल्यांकन

कार्यकारी वाइस चेयरमैन ने कहा कि ग्राम सचिव अपने गांवों में स्वच्छता का निरंतर मूल्यांकन करें और कमियों को कमेटी के माध्यम से दूर करवाएं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम सचिवों को अपने गांवों में स्वच्छता के लिए नोडल अधिकारी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि गांव के तालाबों का भी सौंदर्यीकरण करवाया जाए।

स्पेशल : इंटरनेशनल म्यूजियम-डे, 18 मई

जानकारी / शिखर चंद जैन

# भारत के प्रसिद्ध म्यूजियम्स यहां संग्रहीत हैं अनोखी वस्तुएं

बच्चो, म्यूजियम यानी संग्रहालय ऐसी जगह होती है, जहां कला, संस्कृति, इतिहास और विज्ञान से जुड़ी दुर्लभ वस्तुओं का संग्रह देखने को मिलता है। इन्हें देखकर ज्ञानवर्धक जानकारियां तो मिलती ही हैं, साथ ही अनोखे अनुभव भी मिलते हैं। जानो, देश के कुछ म्यूजियम्स के बारे में कि ये किन विशेषताओं के कारण प्रसिद्ध हैं।



### वीएमआरडीए आईएनएस कुरसुरा पनडुब्बी संग्रहालय विशाखापत्तनम

**भारतीय नौसेना** (इंडियन नेवी) की नॉन-एक्टिव सबमरीन (सेवामुक्त हो चुकी पनडुब्बी) आईएनएस कुरसुरा में यह संग्रहालय स्थित है। यह संग्रहालय, भारत के नौसैनिक इतिहास और समुद्री विरासत के बारे में जानकारी देता है। यहां तुम पनडुब्बी के चेंबर्स, कंट्रोल रूम और लिविंग रूम्स को विजिट कर सकते हो। साथ ही तुम पनडुब्बी चालकों (सबमरीन ड्राइवर्स) की लाइफस्टाइल के बारे में भी जान सकते हो। *

### डॉन बॉस्को स्वदेशी संस्कृति म्यूजियम शिलांग

**इस म्यूजियम** में पूर्वोत्तर भारत की विविध स्वदेशी संस्कृतियां, आदिवासी परंपराएं, कला और शिल्प से जुड़ी सामग्री देखने को



मिलती हैं। यहां तुम आदिवासियों के झोपड़ी जैसी कलाकृतियों के साथ-साथ उनके पारंपरिक वेशभूषा, संगीत, वाद्ययंत्रों के अलावा आदिवासियों के रहन-सहन और उनकी संस्कृति से जुड़ी कई आकर्षक और आश्चर्यजनक चीजें देख सकते हो। इसके अलावा, यहां एक स्काईवॉक की भी व्यवस्था है, जहां से तुम्हें इस म्यूजियम और शिलांग के अद्भुत नजारे देखने को मिलेंगे। *



### हेरिटेज ट्रांसपोर्ट म्यूजियम गुरुग्राम

**परिवहन यानी** ट्रांसपोर्ट हमारी डेली लाइफ का महत्वपूर्ण हिस्सा है। हरियाणा के गुरुग्राम स्थित इस म्यूजियम में तुम इंडियन ट्रांसपोर्ट सिस्टम के अलग-अलग दौर में इस्तेमाल में आने वाले एंटीक व्हीकल्स देख सकते हो। इस म्यूजियम में पुरानी कारों, मोटरसाइकिलों, रेलवे कोचों, विमानों और परिवहन के अन्य साधनों के संग्रह हैं। बच्चो, तुम यहां इंटरैक्टिव प्रदर्शनियों, मल्टीमीडिया डिस्प्ले के माध्यम से ट्रांसपोर्ट टेक्नोलॉजी के विकास के साथ-साथ समाज और संस्कृति पर इसके प्रभाव को भी जान-समझ सकते हो। *

### सालार जंग म्यूजियम हैदराबाद



**मीर यूसुफ** अली खान, जिन्हें सालार जंग तृतीय के नाम से भी जाना जाता है, हैदराबाद के निजाम मीर उस्मान अली के कार्यकाल में प्रधानमंत्री रहे थे। मीर यूसुफ को दुर्लभ वस्तुएं, कलाकृतियां, पांडुलिपि आदि इकट्ठा करने का शौक था। उनके पश्चात उनके परिवार और अगली पीढ़ियों द्वारा भी इस म्यूजियम के लिए कलाकृतियों एवं अन्य वस्तुओं का संग्रह किया जाता रहा। आज इस संग्रहालय में एक मिलियन यानी दस लाख से अधिक कलाकृतियां और अन्य संग्रहणीय सामग्रियां रखी हुई हैं। *

### शंकर अंतरराष्ट्रीय गुड़िया संग्रहालय नई दिल्ली



**इस म्यूजियम** की स्थापना 1965 में फेमस कार्टूनिस्ट शंकर पिल्लई ने की थी। खास बात यह है कि इस म्यूजियम में दुनिया के किसी भी अन्य डॉल म्यूजियम से ज्यादा कॉस्ट्यूम डॉल्स हैं। इस म्यूजियम में लगभग 85 देशों से इकट्ठी की गई 6,500 से अधिक डॉल्स तुम्हें देखने को मिलेंगी। इन डॉल्स की बनावट, पारंपरिक पोशाक और सांस्कृतिक महत्व को देखकर-जानकर तुम्हें आश्चर्य होगा। *

### इंडियन म्यूजियम कोलकाता

**पश्चिम बंगाल** के कोलकाता में स्थित इंडियन म्यूजियम, देश का सबसे बड़ा म्यूजियम है। इसे स्थानीय लोग अजायबघर या जादूघर भी कहते हैं। 1814 में बना यह म्यूजियम भारत का सबसे पुराना म्यूजियम है। यहां कई कलाकृतियां तो 2000 साल पुरानी हैं। यहां प्रागैतिहासिक काल के भारत के सांस्कृतिक इतिहास को समेटा गया है। इंडियन म्यूजियम में कई खंडों में विविध विषयों, जैसे-इतिहास, कला, पुरातत्व, जंतु शास्त्र, वनस्पति शास्त्र एवं अन्य कई विषयों से जुड़ी सामग्रियां देखी जा सकती हैं। इस म्यूजियम में सिंधु घाटी की सभ्यता के अवशेष से लेकर मिस्र की ममीज तक देखी जा सकती हैं।



स्पेशल : इंटरनेशल ड्रॉइंग-डे

# ड्रॉइंग करने से बढ़ेगी क्रिएटिविटी इंप्रूव होगी पर्सनालिटी

बच्चो, तुमको चित्र बनाकर उसमें मनचाहे रंग भरने में बहुत मजा आता होगा, है न! क्या तुम जानते हो, ड्रॉइंग करने की शुरुआत कब हुई और इससे क्या-क्या फायदे होते हैं? आज ड्रॉइंग-डे के अवसर तुम्हें बता रहे हैं, इससे जुड़ी रोचक बातें।

क्रिएटिव आर्ट
कुमार गौरव अजीतेंदु



बच्चो, चित्रकारी यानी ड्रॉइंग एक बहुत रोचक आर्ट है। बच्चे ही नहीं कई बड़ी उम्र के लोगों को भी इसमें काफी इंटरेस्ट होता है। कई लोग तो ड्रॉइंग को ही अपना करियर बना लेते हैं और इसके जरिए खूब नेम-फेम पाते हैं। ड्रॉइंग के महत्व को लोगों को बताने के लिए ही प्रत्येक वर्ष 16 मई (आज के दिन) को 'अंतरराष्ट्रीय चित्रकारी दिवस' या 'इंटरनेशनल ड्रॉइंग डे' के रूप में मनाया जाता है।

**कब मनाया गया पहला ड्रॉइंग-डे:** साल 2008 में दुनिया भर में पहली बार 'इंटरनेशनल ड्रॉइंग-डे' मनाया गया था। इस अवसर पर ड्रॉइंग के फील्ड से जुड़े लोगों को अपनी क्रिएटिविटी, अपने आर्ट को ऑनलाइन शेयर करने के लिए इनवाइट किया जाता है। साथ ही ड्रॉइंग से होने वाले लाभों से अवगत कराने और ड्रॉइंग में लोगों की रुचि जगाने के उद्देश्य से यह दिन मनाया जाता है।

**होते हैं अनेक फायदे:** ड्रॉइंग के माध्यम से तुम अपनी इमेजिनेशन, अपनी नॉलेज और क्रिएटिविटी को अधिक प्रभावी ढंग से एक्सप्रेस कर सकते हो। इससे तुम्हारी इमेजिनेशन और प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल इंप्रूव होती हैं। इसके अलावा भी ड्रॉइंग के कई फायदे होते हैं, जैसे-

**मिलती है हैप्पीनेस:** ड्रॉइंग करते समय मन शांत और एकाग्रचित्त होता है। इसलिए जब तुम ड्रॉइंग करते हो, तब टेंशनफ्री और हैप्पी रहते हो।

**बढ़ता है कॉन्फिडेंस:** जब तुम अपनी इमेजिनेशन से कोई अच्छी ड्रॉइंग बनाते हो, तो इससे तुम्हारा कॉन्फिडेंस बढ़ता है।

**फीलिंग्स एक्सप्रेशन का तरीका:** ड्रॉइंग के जरिए तुम अपनी हर फीलिंग को बेहतर ढंग से एक्सप्रेस कर सकते हो। इससे तुम्हें सेल्फ-सैटिस्फेक्शन मिलता है।

**स्ट्रेस होता है दूर:** कई शारीरिक-मानसिक रोगों के ट्रीटमेंट में ड्रॉइंग एक थेरेपी के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। इससे टेंशन और स्ट्रेस दूर होता है, मानसिक सुकून मिलता है।

**ऐसे मनाओ ड्रॉइंग डे:** तुम चाहो तो अपने फ्रेंड्स के साथ मिलकर ड्रॉइंग-डे को स्पेशल तरीके से सेलिब्रेट कर सकते हो। इसके लिए तुम सब कोई एक थीम सेलेक्ट कर लो फिर एक निश्चित समय में उस थीम पर बेस्ड ड्रॉइंग बनाओ। इस कॉम्पिटिशन में किसकी ड्रॉइंग बेस्ट है, इसका डिसीजन करने के लिए अपने आर्ट टीचर या आस-पड़ोस के अंकल की हेल्प ले सकते हो, जिन्हें ड्रॉइंग में इंटरेस्ट हो। *

### ड्रॉइंग से जुड़े कुछ फैक्ट्स

- इंसानों ने अब से लगभग 30,000 वर्ष पहले चित्र बनाना शुरू कर दिया था।
- 1797 में निकोलस-जैक्स कोंटे ने पेंसिल का आविष्कार किया, इससे चित्र बनाना आसान हो गया।
- अधिकांश चित्र सरल ज्यामितीय आकृतियों जैसे वृत्त, वर्ग और त्रिभुज से शुरू होते हैं।
- प्राचीन काल में लोग कहानियां सुनाने या जानकारी साझा करने के लिए गुफाओं की दीवारों पर चित्र बनाते थे।
- प्राचीन मिस्रवासी चित्रकला को लेखन के के रूप में प्रयोग करते थे, जिसे 'हाइरोग्लाइफिक्स' कहा जाता था।
- 1984 में पहला मैकिंटोश कंप्यूटर तैयार किया गया, जिसमें पेंट प्रोग्राम 'मैकपेंट' था, जिसने डिजिटल ड्रॉइंग और डिजाइन की नई सुविधाएं मिलीं।

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

## आस-पास की कहानियां

जैसा कि इस किताब के नाम (बारह सौ की बाटी और अन्य किस्से) से ही पता चलता है यह 'किस्सों' की किताब है। इसे पढ़ते हुए पता चलता है कि किताब के सभी चौदह 'किस्से' हमारे आस-पास घटने वाली छोटी-छोटी घटनाएं हैं। तरह-तरह की 'बातें' हैं, जो ध्यान से देखने पर हमें चौंकाती हैं।




किताब में दिए इन किस्सों के विभिन्न चरित्र कुछ जाने-पहचाने से दिखते हैं- बहुत साधारण, सीधे-सादे और अपने में मस्त। लेकिन उनकी अपनी कुछ खास आदतें, सनक या कहें किसी काम को करने की धुन, जिन्हें लेखक जिस अंदाज में हमारे बीच रखता है, ये अपने आप में अनोखा बना देती हैं। इन किस्सों के साथ दिए किताब के रंग-बिरंगे वाटर-कलर से बने चित्र सामान्य चित्रों से अलग और सुंदर दिखते हैं। *

**किताब:** बारह सौ की बाटी और अन्य किस्से, **लेखक:** शिवनारायण गौर, **चित्रकार:** नीलेश गहलोत, **मूल्य:** 80 रुपए, **प्रकाशक:** एकलव्य फाउंडेशन, भोपाल

### बूझो तो जानें





1
चिंगारी से वो भड़क जाए।
सूखी लकड़ी-कंडे खाए।
छूने चलो, तो अंग जलाए।
पानी पीते ही मिट जाए।

2
सब कहते हैं जुड़वां भाई
पैरों में ही जगह है पायी।
कहीं एक साथी खो जाए
दूजा कोई काम न आए।

3
जोड़, घटाना, गुणा, भाग है
मेरे बाएं हाथ का काम।
कभी नहीं गलती करता हूं
मित्र! बताओ मेरा नाम।

\- गौरीशंकर वैश्य विनम्र

उत्तर : 1.आग, 2.जूते, 3.कैलकुलेटर

### जीके क्विज-154



1. हाल में किस प्रसिद्ध भारतीय क्रिकेटर ने टेस्ट मैच से संन्यास लेने की घोषणा की?
2. 72वें मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता का आयोजन कहां किया जा रहा है?
3. इसरो के वर्तमान अध्यक्ष कौन हैं?
4. भारत और पाकिस्तान के बीच की सीमा रेखा को किस नाम से जाना जाता है?
5. ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कहां है?
6. सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को उनके पद की शपथ कौन दिलवाता है?
7. विश्व की सबसे बड़ी झील कौन-सी है?
8. मौर्य साम्राज्य की स्थापना किसने की थी?
9. दुनिया में सबसे अधिक रबड़ का उत्पादन किस देश में होता है?
10. नियाग्रा जलप्रपात किन दो देशों की सीमा पर स्थित है?



बच्चो, जीके क्विज-154 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-153 का उत्तर :** 1.स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट, 2.मंगूभाई छगनभाई पटेल, 3.वायुसेना उपप्रमुख, 4.15 मई, 5.ग्यारह, 6.रानी लक्ष्मीबाई, 7.बुध, 8.लियोनार्दो द विंची, 9.नाइट्रस ऑक्साइड, 10.राजस्थान

**जीके क्विज-153 का सही उत्तर देने वाले :** साकेत-दुर्ग, कबीर-हिसार, प्रज्ञा-रायपुर, मुस्कान-कोंडागांव, रमेश-कोरबा, सौरभ-बिलासपुर, कमल-महेंद्रगढ़, अमन-रोहतक, कशिश-महासमुंद, रोशन-दुर्ग, गुंजन-भोपाल, जतिन-रायगढ़

कहानी / क्षमा शर्मा

स्कूल में गर्मी की छुट्टियां क्या हुईं, मिनी का घर से निकलना बंद हो गया। घर में यही कहा जाता-बाहर धूप तगड़ी है, लू लग जाएगी। बेचारी मिनी करे तो क्या करे? तुम्हारे लिए बहुत प्यारी-सी कहानी।

## मिनी की परेशानी



मिनी की छुट्टियां क्या हुईं, सवेरे से ही सब उसे पुकारने लगते, 'मिनी, जल्दी उठो। फ्रेश होओ। ब्रश करो। दूध पिओ, फिर नीचे खेलने जाओ।' दादी कहतीं, 'नहीं मिनी, बाहर तो अभी से इतनी तेज धूप है। देख रही हो न कि पेड़-पौधे भी धूप से कैसी हाय-हाय कर रहे हैं। कहीं मत जाओ। जो खेलना हो, घर के अंदर खेलो। और बाहर जाओ भी तो पेट भरकर पानी पीकर, फिर लू नहीं लगेगी।'

'लो जी, पेट भरकर पानी ही पी लेगी तो दूध कैसे पिएगी, नाश्ता कैसे करेगी?' मम्मी, दादी से शिकायत करती-सी पूछतीं। बेचारी मिनी, मम्मी की सुने कि दादी की।

तभी भइया अंदर वाले कमरे से चिल्लाता, 'मेरे जूते नहीं मिल रहे हैं। जरूर इस मिनी ने ही इधर-उधर किए होंगे। इसे जूतों से फुटबॉल खेलने की आदत जो है।'

मिनी धीरे से बोली, 'तो ला दो न एक अच्छी-सी फुटबाल, नहीं खेलूंगी फिर जूतों से। पता है, कभी नहीं लाएगा। कंजूसड़ा कहीं का। जब देखो तब मुझसे ही पैसे मांगता रहता है।' वैसे तो बात यह है कि उसने जूते कहीं इधर-उधर नहीं किए थे। मिनी मन ही मन सोचती है, 'इसी ने कहीं इधर-उधर उतारे होंगे। जहां भी कुछ रखता है, कभी याद नहीं रहता है इसे। कभी पेन, कभी चाबी, कभी पासवर्ड हमेशा कुछ न कुछ भूला या खोया रहता है इसका और नाम लगा रहा है मेरा। हुंह... इससे तो अच्छी थी कि स्कूल ही जाती।'

'अरे मिनी, यह अपने से ही क्या बातें कर रही है?' पापा ने जाते-जाते पूछा तो वह तकिए में मुंह छिपाती बोली, 'कुछ नहीं पापा, पोयम याद कर रही थी।'

'अच्छा भई हम भी तो सुनें तुम्हारी पोयम।' पापा पलंग के पास आकर बैठ गए तो मिनी ने ऐसे दिखाया जैसे वह सो रही हो और सपने में ही पापा की बात का जवाब दिया हो। पापा ने मान भी लिया, 'अरे, लड़की तो सो रही है अभी। चलो, सोने दो। नहीं तो बेचारी हर रोज सुबह उठती है। सवेरे की उठी-उठी रात को सो पाती है। बच्चों को भी बड़ों की तरह बस रात-दिन काम ही काम है।' जब भइया चला गया, पापा दफ्तर के लिए निकले, उसने कार स्टार्ट करने की आवाज सुन ली और उसके कुछ देर बाद मम्मी शालू आंटी से मिलने चली गईं और दादी पूजा करने लगीं। अब पूजा भी तो पूरे दो घंटे की। मिनी को लगा कि अब बस दो घंटे तक कोई उससे यह नहीं कहेगा, 'अरे मिनी, यह क्या कर दिया, वह क्या कर दिया, यह लड़की तो किसी की नहीं सुनती है, टीचर से कहना पड़ेगा। कल ही तो इतनी महंगी डॉल दिलवा कर लाए थे और आज उसके बाल उखाड़ दिए।' ओह डॉल से अच्छा याद आया, मिनी को तो आज उसकी आंख ठीक करनी थी। कितने तो काम थे। मिनी ने फौरन खिलौनों की अलमारी खोली और सोचने लगी कि कैसे आंख ठीक करे? उसकी नीली आंख अंदर चली गई थी। भइया ने नीले बॉल प्वॉइंट से उसे बाहर निकालने की कोशिश की तो वह और अंदर घुस गई। पूरी आंख पर नीला रंग फैल गया। भइया तो गुड़िया को फेंक कर चला गया। अब एक आंख की गुड़िया उसे अच्छी नहीं लगती। तो उसे याद आया कि उसके टॉमी कैट की आंखें भी तो नीली हैं। उसने टॉमी को अलमारी से बाहर निकाला। फिर सोचने लगी, 'अगर इसकी एक आंख डॉल को लगा भी दूं तो फिर इसके लिए दूसरी आंख कहां से लाऊंगी?'

मिनी ने सोचा दादी से पूछे लेकिन वह तो पूजा कर रही थीं। तो फिर किससे पूछे? उसने शालू आंटी के यहां गईं मम्मी को फोन किया। मम्मी बिगड़ गईं, 'क्या मिनी, कभी चैन से नहीं रहने देती। अब तू अपनी गुड़िया का किस्सा ले बैठी। घर आकर करती हूं बात।' 'लो मम्मी खुद तो चली गईं और मुझे धूप का बहाना बनाकर दादी ने नीचे पार्क में भी खेलने नहीं जाने दिया। क्या बड़ों को धूप नहीं लगती?' मिनी बुदबुदाई।

मिनी ने डॉल को फिर से अलमारी में रखा। मम्मी लौटेंगी तो उनसे उसकी आंख ठीक कराएगी, फिर बालकनी में जाकर बाहर देखने लगी। पार्क में एक मैना घास से बीन कर कुछ खा रही थी कि एक गिलहरी उसके पीछे दौड़ी। मैना डर से दूर भाग गई तो गिलहरी वहां खाने लगी। पता नहीं वह क्या खा रही थी। मैना ने फिर उधर कदम बढ़ाया तो इस बार दो गिलहरियों ने उसका पीछा किया। मिनी को इस खेल में बहुत मजा आया। लगा जैसे कि गिलहरी और मैना छुआ-छुई का खेल खेल रही हों। तभी टॉमी कैट जैसा एक बिल्ला एक गौरैय्या की तरफ दबे पांव बढ़ा। मिनी जोर से चिल्लाई, 'भागो-भागो..!' और तालियां बजाने लगी। ताली की आवाज से गौरैय्या उड़ गई। दोनों गिलहरियां भाग गईं और बिल्ला देखता रह गया। उसके शिकार जो हाथ से निकल गए थे। तभी दादी ने आकर पूछा, 'किसे भगा रही थी मिनी?' उसके मुंह से निकला, 'टॉमी कैट को।'

'टामी कैट को! क्या तूने अपना बिल्ला भी डॉल की तरह तोड़कर खराब कर दिया और बाहर फेंक दिया? कितना नुकसान करती है री लड़की।' कहती हुई दादी तो तुलसी को पानी देने लगीं। मिनी ने उनकी नकल उतारी, 'कितना नुकसान करती है री लड़की!' और वहां से भाग गई। दादी पुकारती ही रह गईं, 'मिनी, ओ मिनी, कहां भाग गई, बाहर मत जाना बहुत धूप है..।'

'हां दादी, अब सवेरे से शाम तक पुकारो मुझे। पता नहीं ये छुट्टियां आती ही क्यों हैं?' मिनी भुनभुनाई। *

कविता
घमंडीलाल अग्रवाल



## गरमी की अगवानी

भैया, दीदी, नाना, नानी-
करते गरमी की अगवानी।
उठा हाथ तेरे स्वागत में
ट्विस्ट कर रहे सूती कपड़े,
पतला कुर्ता, धोती पतली
गुन-गुन गीत गा रहे अकड़े,
जेल गए अब गर्म वस्त्र सब-
खूब दिखा अपनी मनमानी।
खरबूजों की, तरबूजों की
फसल तीव्र गति से मुस्काती,
आड़ू, जामुन, आम, लीचियां
बने हुए हैं प्यारे साथी,
'मुझसे करो दोस्ती पक्की'-
कहता ठंडा-ठंडा पानी।
खड़ी हुई-बांहें फैला,
कुल्फी और बर्फ की सिल्ली,
आओ खेलें मिलकर सारे
खेल अनोखा डंडा-गिल्ली,
शीतल पेय छेड़ने बैठे-
धुन प्यारी जानी-पहचानी।

### रंग भरो-175

**रंग भरो-175** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




दिव्यांश, दुर्ग


रितेश, मटियारी


श्वेता, रायपुर


रशिका, जांजगीर


दीत्या, अहिवारा


भाविका, सरोरा

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**
आस्तिका-चांपा, भावी-धमतरी, चहक-कोसली, डिंपल-दुर्ग, गौरांग-रायपुर, पलक-धमतरी, परिधि-ईमेल से, सानवी-अंबिकापुर, तेजस-सरोरा, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, विक्की-बिलासपुरा

### रंग भरो 176



बच्चो, यहां ड्रॉइंग बनाती हुई लड़की का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।



## खबर संक्षेप

### गोल्ड लोन लेने जा रही महिला के गहने चोरी

**सिरसा।** बैंक में सोना जमा करवाने जा रही महिला के बैग से ई-रिक्शा में सवार महिलाओं ने पर्स चोरी कर लिया। पुलिस को दी शिकायत में प्रेम नगर निवासी इंद्रा देवी ने बताया कि 14 मई 2025 को सुबह 11 से 12 के बीच वह भूमण शाह चौक स्थित पीएनबी बैंक में लोकर में सोना रखने के लिए गई थी, लेकिन बैंक में लॉकर खाली नहीं था, जिस पर वह बाजार वाले पीएनबी बैंक में चली गई। वहां पर भी बैंक कर्मचारियों ने कागज पूरा करने के लिए बोला। कागज पूरे ना होने के कारण सोना जमा नहीं हुआ। इसके बाद वह ई-रिक्शा में बैठकर ग्रामीण बैंक बरनाला रोड सिरसा में जाने लगी। इसी दौरान तीन अनजान औरतें भी ई-रिक्शा में बैठ गई, उनके साथ छोटे-छोटे तीन बच्चे भी थे। एक औरत ने रास्ते में मेरी बाजू को हिलाकर मेरा ध्यान भटका दिया और इसी दौरान उसके बैग से महिलाओं ने पर्स निकाल लिया।

### ग्रामीण की जेब से 50 हजार रुपये चुराए

**सिरसा।** ऐलनाबाद पुलिस ने गांव नीमला निवासी रामदयाल पुत्र भागीराम की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। उसने बताया कि उसने पीएनबी से 3 लाख 2 हजार रुपये की लिमिट की राशि निकलवाई। जिसमें से दो लाख रुपये अपने आढ़ती को अदा कर दिए। शेष एक लाख 2 हजार रुपये की राशि अपनी जेब में डाल लिए। जब वह बैंक गेट से बाहर आने लगा, तभी गेट पर दो लोगों ने उसका रास्ता रोक लिया। जब वह बैंक से बाहर आया तो उसकी जेब से 50 हजार रुपये की एक गड्डी गायब मिली।

### एक किसान सहित चार लोग लापता, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से एक किसान सहित चार लोगों के लापता होने का समाचार है। सभी मामलों में परिजनों द्वारा सम्बंधित थानों में शिकायत दर्ज करवाई गई है। जाखल पुलिस को दी शिकायत में ढाणी तलवाड़ी निवासी विक्रम सिंह ने कहा है कि उसके 50 वर्षीय पिता केसर सिंह गत दिवस खेत में काम करने के लिए गए थे और उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटे है। इस पर उन्होंने काफी जगह उनकी तलाश की लेकिन जब कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में जाखल पुलिस ने केस दर्ज कर किसान की तलाश शुरू कर दी है। दूसरे मामले में शहर फतेहाबाद पुलिस ने सोमा सिटी निवासी एक महिला की शिकायत पर उसकी नाबालिग लडक़ी के लापता होने बारे केस दर्ज किया है।

### शाह सतनाम जी बॉयज व गर्ल्स स्कूल छाए

**सिरसा।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली द्वारा जारी किए गए 10वीं व 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में एक बार फिर शाह सतनाम जी बॉयज व गर्ल्स स्कूल सिरसा ने एक बार फिर अपनी विजयी पताका फहराई है। दोनों विद्यालयों का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। शाह सतनाम जी बॉयज स्कूल के छात्र अंशमीत ने 12वीं कॉमर्स (वाणिज्य) संकाय में 99.4 प्रतिशत अंक लेकर प्रदेश में कॉमर्स संकाय में टॉप कर स्कूल, जिले व संस्थान का नाम रोशन किया है। दोनों संस्थानों के परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को शाह सतनाम जी बॉयज स्कूल के प्रिंसीपल राकेश धवन व गर्ल्स स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. शीला पूनिया ने बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### विद्यार्थियों को बताए मौलिक कर्तव्य व अधिकार

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा स्थानीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में विद्यार्थियों को मौलिक कर्तव्य व अधिकारों तथा कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रवेश सिंगला ने बताया कि पैनल अधिवक्ता रतीश गुप्ता ने विद्यार्थियों से बातचीत की और प्राधिकरण द्वारा मिलने वाली मुफ्त कानूनी सहायता व टोल फ्री नंबर 15100 के बारे में बताया।

### सर्वे ऑफ इंडिया की टीम ने दिया प्रशिक्षण

# रोवर तकनीक से भूमि की पैमाइश करने के तरीकों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले में भूमि पैमाइश के कार्य को और अधिक आधुनिक, तीव्र और सटीक बनाने के उद्देश्य से वीरवार को डीपीआरसी हॉल में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में चंडीगढ़ से आई सर्वे ऑफ इंडिया की विशेषज्ञ टीम ने नवीनतम रोवर तकनीक के माध्यम से भूमि की पैमाइश करने के तरीकों का विस्तृत प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर राजस्व विभाग के अधिकारियों के अलावा राजस्व पटवारी, कानूनगो व प्रशिक्षणाधीन राजस्व पटवारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण सत्र के दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों को जीएनएसएस आधारित रोवर तकनीक के उपयोग, संचालन एवं व्यावहारिक अनुप्रयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त मनदीप कौर ने कहा कि सरकार द्वारा भूमि रिकाड्र्स के डिजिटलीकरण और विवादमुक्त बनाए जाने की दिशा में यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि रोवर तकनीक से भूमि की पैमाईश कम समय में और अत्यधिक सटीकता के साथ की जा सकेगी, जिससे आमजन और किसानों को आर्थिक व समय की दृष्टि से लाभ मिलेगा। साथ ही भूमि विवादों में भी उल्लेखनीय कमी आएगी। उपायुक्त ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों से प्रशासनिक कार्यक्षमता में वृद्धि होगी और जनता को बेहतर सेवाएं मिल सकेंगी। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से अपील की कि वे इस तकनीक को अच्छे से आत्मसात करें और इसे फील्ड में प्रभावी रूप से लागू करें।



**फतेहाबाद।** गांव गिल्लांखेड़ा में रोवर के माध्यम से भूमि की पैमाइश करके डेमो दिखाते विशेषज्ञ टीम व राजस्व विभाग के अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### रोवर उपकरण की कार्यप्रणाली को अनुभव के माध्यम से समझा

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने रोवर उपकरण की कार्यप्रणाली को अनुभव के माध्यम से समझा। उन्हें बताया गया कि आने वाले समय में जिले में भूमि पैमाईश के अधिकतर कार्य इसी तकनीक से किए जाएंगे। इस प्रशिक्षण के माध्यम से राजस्व कर्मचारियों को एक सशक्त तकनीकी आधार मिलेगा, जिससे वे अपने कार्यों को आधुनिक तकनीक से लैस कर सकें। प्रशिक्षण के दौरान सर्वे ऑफ इंडिया की टीम ने बताया कि इस तकनीक के माध्यम से सैटेलाइट आधारित सटीक आंकड़ों के जरिए भूमि की वास्तविक स्थिति को चिन्हित किया जा सकता है। यह प्रक्रिया पारंपरिक विधियों की तुलना में न केवल तेज है, बल्कि मानवीय त्रुटियों की संभावना को भी न्यूनतम कर देती है।

### गिलांखेड़ा जाकर भूमि पैमाइश करके दिखाया डेमो

प्रशिक्षण कार्यक्रम उपरांत गांव गिल्लांखेड़ा में जाकर सर्वे ऑफ इंडिया की विशेषज्ञ टीम ने रोवर के माध्यम से भूमि की पैमाइश करके डेमो दिखाया गया। इस मौके पर उपस्थित पटवारियों, कानूनगो तथा अन्य अधिकारियों को व्यावहारिक रूप से तकनीक के प्रयोग की जानकारी दी गई। टीम ने मौजूद अधिकारियों को यह दिखाया कि कैसे कुछ ही मिनटों में अत्याधिक सटीकता के साथ भूमि की सीमाओं की पहचान और माप की जा सकती है। इस अवसर पर जिला राजस्व अधिकारी श्याम लाल, डीडीपीओ अनूप सिंह, सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के उप निदेशक अमित पंवार सहित संबंधित तहसीलदार, उप तहसीलदार व सभी राजस्व पटवारी, कानूनगो एवं प्रशिक्षणाधीन राजस्व पटवारी उपस्थित रहे।



**फतेहाबाद।** रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते मंच सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## रक्तदान एक महान कार्य, इससे बचाई जा सकती है अनेकों जिंदगियां : बिश्नोई

- जनकल्याण मंच व रेडक्रास सोसायटी के रक्तदान कैंप में 70 यूनिट रक्त एकत्रित
- शिविर का आयोजन स्व. रोशनी देवी की पुण्यतिथि पर किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

योग नगर स्थित सिटी पब्लिक स्कूल में बुधवार को समाजसेवी जगदीश बिश्नोई की धर्मपत्नी स्वर्गीय श्रीमति रोशनी देवी की स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय जन कल्याण मंच एवं जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में कुल 70 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे डीएसपी संजय बिश्नोई ने रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया और कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है, जिससे अनगिनत जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। उन्होंने युवाओं को समाज सेवा में अग्रणी भूमिका निभाने का आह्वान किया। शिविर का आयोजन स्व. रोशनी देवी की पुण्यतिथि पर किया गया। परिजनों ने बताया कि यह कैंप उनकी स्मृति में एक नेक सोच का परिचायक है।

कार्यक्रम में परिवार से सुनील व अनिल डेलू के अलावा स्कूल प्रबंधन, मंच के सदस्य और रेड क्रॉस की टीम सक्रिय रूप से शामिल रही। शिविर के दौरान सभी रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

**ये रहे मौजूद:** इस अवसर पर सेवा निवृत्त डीएसपी साधुराम बिश्नोई, पार्षद मोहन लाल नारंग, पार्षद हंसराज योगी, पार्षद मनोज नारंग, पार्षद महेश मक्कड़, पूर्व पार्षद सुभाष रॉयल, सेवा निवृत्त एसएचओ जगदीश सिंह, सुरेंद्रपाल सिंह, जिन्दगी संस्था अध्यक्ष हरदीप सिंह, मुकेश नारंग एमके, विजय सहारण, सतबीर सहारण, जीतू चौहान, सुरेन्द्र मंगाली सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पुलिस ने लाखों के गुम हुए 5 मोबाइल फोन बरामद कर मालिकों को सौंपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद पुलिस ने अपनी साइबर सुरक्षा शाखा के माध्यम से गुम हुए 5 मोबाइल फोन बरामद कर उनके असली मालिकों को सौंप दिए। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के दिशा-निर्देश पर कार्य करते हुए साइबर सुरक्षा शाखा ने इन मोबाइल फोनों को ढूंढने में सफलता प्राप्त की।

साइबर सुरक्षा शाखा प्रभारी इंस्पेक्टर सतीश की पुलिस टीम ने गुम हुए मोबाइल फोनों की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए लाखों रुपये के 5 मोबाइल फोन बरामद किए। पुलिस अधीक्षक फतेहाबाद ने अपने कार्यालय में गुमशुदा मोबाइल फोन के असली मालिकों को बुलाकर उन्हें मोबाइल फोन सौंपे। मोबाइल फोन वापस पाकर अनिल कुमार निवासी कृष्णपुरा मोहल्ला, फतेहाबाद, विकास निवासी गोरखपुर, रिंकू कुमार फतेहाबाद, पवन कुमार टोहाना, अनिल कुमार निवासी सूर्या नगर, हिसार ने फतेहाबाद पुलिस का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि फतेहाबाद पुलिस ने उनके गुम हुए मोबाइल फोन को ढूंढकर सराहनीय कार्य किया है। एसपी ने कहा कि इससे पब्लिक में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ेगा। फतेहाबाद पुलिस आमजन की सेवा में सदैव तत्पर है और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। फतेहाबाद पुलिस आमजन से अपील करती है कि यदि किसी व्यक्ति का मोबाइल फोन गुम हुआ है, तो वह तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज कराएं। पुलिस आपकी सहायता के लिए हमेशा तैयार है।



**फतेहाबाद।** मालिकों को उनके मोबाइल फोन सौंपते एसपी सिद्धांत जैन।

### अग्रवाल सभा ने अपराधियों और नशा तस्करों पर प्रभावी कार्रवाई को लेकर एसपी का जताया आभार



**फतेहाबाद।** फतेहाबाद शहर में अपराधियों की धरपकड़ और जिलेभर में नशा तस्करों के विरुद्ध लगातार की जा रही सख्त कार्रवाई को लेकर अग्रवाल सभा, फतेहाबाद के प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन से उनके कार्यालय में भेंट कर उन्हें बधाई दी और उनके नेतृत्व में चल रहे अपराध एवं नशा विरोधी अभियान की सराहना करते हुए आभार प्रकट किया। अग्रवाल सभा के पदाधिकारियों ने कहा कि एसपी सिद्धांत जैन कुशल नेतृत्व एवं सुदृढ़ दिशा-निर्देशन में फतेहाबाद पुलिस जिस प्रतिबद्धता के साथ जिले में अपराध पर नियंत्रण और नशे के खिलाफ अभियान चला रही है, वह अत्यंत प्रशंसनीय और प्रेरणादायक है। इन अभियानों से न केवल आपराधिक गतिविधियों में कमी आई है, बल्कि युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखने में भी उल्लेखनीय सफलता मिली है। प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका सम्मान किया और उनके समाजोपयोगी प्रयासों की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि पुलिस की सक्रियता, संवेदनशीलता और सतर्कता से आमजन में सुरक्षा और विश्वास की भावना और अधिक मजबूत हुई है। एसपी सिद्धांत जैन ने अग्रवाल सभा के प्रतिनिधियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि समाज के सहयोग के बिना किसी भी अभियान की सफलता संभव नहीं है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर अपराध और नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। अग्रवाल सभा ने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी पुलिस प्रशासन इसी प्रकार जिले में कानून-व्यवस्था, शांति और सामाजिक सुधार की दिशा में सशक्त और सकारात्मक भूमिका निभाता रहेगा।

## न्यूज डायरी

### पशु पक्षियों के संरक्षण में बादल पूनिया सम्मानित

**सिरसा।** जिला के गांव हंजीरा निवासी व प्रख्यात पर्यावरणविद् बादल पूनिया को पशु पक्षियों के संरक्षण और उनके उचित रखरखाव के लिए राष्ट्रव्यापी संस्था की ओर से प्रशंसा पत्र भेजकर उन्हें प्रोत्साहित किया है। स्पेरो सेवियर-2025 नामक संस्था की संस्थापक राधिका सोनवने ने पर्यावरणविद् बादल पूनिया को भेजे अपने प्रशंसा पत्र में कहा कि उन्होंने चिड़िया व अन्य पशु-पक्षियों के संरक्षण और उनके उत्साहवद्र्धन के लिए जिस प्रकार अपने आवास पर वातावरण तैयार किया है, वह अपने आप में बेजोड़ और प्रशंसनीय है। संस्थापक राधिका सोनवने ने अपने संदेश में पर्यावरणविद् बादल पूनिया को प्रशंसा पत्र भेजने में स्वयं संस्था के गौरवान्वित होने की भावना व्यक्त की है। काबिलेजिक्र है कि हंजीरा निवासी बादल पूनिया पिछले कुछ वर्षों से पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ पक्षियों खासकर लुप्तप्रायः हो चुकी गौरय्या, गिलहरियों व अन्य पशु पक्षियों के प्रोत्साहन के लिए उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं।

### डिंग मंडी कॉलेज में नए सत्र के आवेदन शुरू

**डिंग।** राजकीय महाविद्यालय डिंग मंडी में नए सत्र 2025-26 के लिए आवेदन पत्र शुरू हो चुके हैं। कॉलेज प्राचार्या मधु साईं ने बताया कि महाविद्यालय डिंग मंडी में अभी नए सत्र के लिए सभी विषयों के अध्यापकों के पदों को भरवा दिया गया है। उन्होंने बताया कि इससे पहले कॉलेज में अध्यापकों की काफी कमी थी, जिसके चलते कॉलेज में सप्ताह में 3 दिन की कक्षाएं लगती थी। स्टाफ की कमी के चलते विद्यार्थी भी कॉलेज छोडने को मजबूर थे। स्टाफ की समस्या को लेकर उन्होंने सरकार व संबंधित विभाग को पत्राचार से अवगत करवाया, जिसके बाद विभाग की ओर से स्टाफ की कमी को पूरा कर दिया गया है। प्राचार्या ने स्टाफ की कमी पूरी होने के बाद डिंग मंडी की संस्थाओं व मौजिज लोगों को बुलाकर दाखिले संबंधी चर्चा की। प्राचार्या ने कहा कि ग्रामीणों को कॉलेज प्रबंधन की ओर से पूरा सहयोग किया जाएगा।

### अनुभवी स्वास्थ्य मित्र संगठन की बैठक 20 को

**टोहाना।** अनुभवी स्वास्थ्य मित्र संगठन की जिला स्तरीय बैठक मंगलवार 20 मई को सुबह दस बजे अग्रवाल भवन में आयोजित की जाएगी। संगठन के जिला अध्यक्ष अजायब सिंह फतेहपुरी ने कहा कि बैठक के मुख्य अतिथि हरियाणा आरएमपी एवं अनुभवी चिकित्सक एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. ऋषिपाल सैनी, पूर्व चेयरमैन हरियाणा हेल्थकेयर वर्कर बोर्ड होंगे। उन्होंने कहा कि बैठक को सुचारू रूप से चलाने के लिए जिला एवं ब्लॉक समिति सदस्यों की ओर से विभिन्न डयूटी लगाई गई हैं। इस समय अनुभवी स्वास्थ्य मित्र संगठन हरियाणा ब्लॉक टोहाना के अध्यक्ष गुरदीप सिंह ढिल्लों रत्ताथेह, ब्लॉक जाखल अध्यक्ष विनोद कुमार, ब्लॉक भूना अध्यक्ष राम सिंह, ब्लॉक जाखल अध्यक्ष विनोद कुमार, ब्लॉक उकलाना अध्यक्ष जोरा सिंह, जिला उपाध्यक्ष महावीर धारसूल, जिला महासचिव संदीप खान, जिला प्रेस प्रवक्ता रघुबीर जांगड़ा, मंजीत सिंह टोहाना, ब्लॉक प्रभारी जगमोहन अरोड़ा, संजीव भाटिया, रघुबीर सिंह धारसूल, रमनदीप सिंह ढेर, पवन बिश्नोई, जगसीर सिंह अमानी, राजपाल राजू समेत कई कार्यकारणी सदस्य उपस्थित रहे।

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज. सिरसा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 'महिलाओं के सम्मान और उनकी गरिमा' के लिए जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत स्कूल, कॉलेज व स्टेडियम में नुक्कड़ नाटक, निबंध प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता व वाद-विवाद आदि प्रतियोगिताओं के माध्यम से जागरूकता किया जा रहा है। इसी कड़ी में वीरवार को जन जागरूकता अभियान के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, खैरपुर में पैनल अधिवक्ता ममता के दिशा निर्देश में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को कक्षा, विद्यालय या सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं के साथ होने वाले छेड़छाड़, दुव्यवहार, बुलिंग घटनाओं पर नाटक द्वारा जागरूक किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एव चेयरमैन पुनीश जिंदिया के मार्गदर्शन में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रवेश सिंगला ने बताया कि जागरूकता अभियान चलाने का उद्देश्य लडकों द्वारा लड़कियों पर छेड़छाड़, दुव्यवहार, बुलिंग जैसी सामाजिक बुराई के विरुद्ध आवाज उठाना है।

### फतेहाबाद पहुंचे दिग्विजय चौटाला, खिलेरी की घर वापसी, यश तनेजा और अनूप डच जेजेपी में शामिल



**फतेहाबाद।** जननायक जनता पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला वीरवार को फतेहाबाद जिले के दौरे पर पहुंचे। उन्होंने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण बैठकें की। इस दौरान पार्टी छोड़ चुके अनेक नेताओं ने घर वापिसी भी की। इस दौरान दिग्विजय चौटाला ने भाजपा और कांग्रेस को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि भाजपा ने चुनावों में जनता को लुभावने वादों के जरिए छलने का काम किया। आज जनता महंगाई, बेरोजगारी और टूटती मूलभूत सेवाओं से परेशान है। भाजपा ने सबको अपने शब्दों के जाल में फंसाकर वोट तो ले लिए, पर काम कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि आज तक कांग्रेस हरियाणा में अपना नेता प्रतिपक्ष तक नहीं चुन पाई है। इससे साफ हो जाता है कि कांग्रेस अब राज्य की राजनीति में अप्रासंगिक हो गई है। लोग अब कांग्रेस को विकल्प मानने को भी तैयार नहीं हैं। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि जेजेपी हरियाणा की जनता का असली विकल्प बनकर उभरेगी। हमारा मकसद सत्ता की भूख नहीं, सेवा की भावना है। जेजेपी ने जब-जब सरकार में भागीदारी की, तब जनता को पानी, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं में कोई समस्या नहीं हुई। दुष्यंत चौटाला के नेतृत्व में हमने यह साबित किया है कि हम भरोसेमंद हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि आने वाले विधानसभा चुनावों में जेजेपी पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी और किसानों, मजदूरों, युवाओं व महिलाओं की समस्याओं का ठोस समाधान लाएगी। इस दौरान इनसो के जिला अध्यक्ष जतिन खिलेरी की घर वापिसी हुई है। इससे पहले कांग्रेस के युवा नेता यश तनेजा और सक्रिय कार्यकर्ता अनूप डच ने भी जेजेपी का दामन थामा है। इस अवसर पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य कुलजीत कुलड़िया, जेजेपी से फतेहाबाद विधानसभा के प्रत्याशी रहे सुभाष गोरछिया, टोहाना से प्रत्याशी रहे हवा सिंह खोपडा, हल्का प्रधान अजय संधू, कुलदीप सिगड़ सहित जेजेपी के अनेक नेता मौजूद रहे।

## खाद्य सुरक्षा और मिलावटखोरी विषय पर जागरूकता सेमिनार आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चोपटा

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नाथूसरी चौपटा में खाद्य सुरक्षा और मिलावटखोरी विषय जागरूकता विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए जेएपीओ अमनदीप ने बताया कि हरियाणा के कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा सभी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सेमिनार आयोजित किए जा रहे है। इसी कड़ी आईआईटी नाथूसरी चौपटा में भी सेमिनार आयोजित किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौपटा से पहुंचे डॉ. ललित व डॉ. रामानंद ने मिलावट के विभिन्न तरीकों, उनकी पहचान और उनसे बचाव के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सेमिनार का मुख्य उद्देश्य युवाओं को खाद्य पदार्थों में मिलावट के दुष्प्रभावों और सुरक्षित भोजन की आदतों के बारे में जागरूक करना है। प्रतिभागियों को दैनिक जीवन में इस्तेमाल होने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पहचानने के सरल तरीके भी बताए गए। उन्होंने कहा कि इस जागरूकता कार्यक्रम से विद्यार्थियों को खाद्य सुरक्षा के प्रति संवेदनशील बनने और एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में स्वस्थ जीवन शैली अपनाने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर संस्थान के प्रधानाचार्य बुधराम कंबोज ने कहा कि स्वस्थ और सुरक्षित भोजन एक स्वस्थ समाज की नींव है। उन्होंने विद्यार्थियों से इस महत्वपूर्ण विषय पर प्राप्त जानकारी को अपनाने और दूसरों को भी जागरूक करने का आह्वान किया। इस अवसर पर वर्ग अनुदेशक मनमोहन सिंह, कोपा अनुदेशिका सुनीता रानी व राजेश कुमार सहित स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी मौजूद रहे।



**सिरसा।** सेमिनार में भाग लेते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**प्री सुब्रोतो फुटबॉल प्रतियोगिता** | लड़कों में धोलू और लड़कियों में भूना की टीम ने मारी बाजी

## खेलों के प्रति बच्चों के साथ अभिभावकों का भी रुझान आवश्यक : अनूप सिंह

लड़कों की आठ और लड़कियों की चार टीमों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गांव अहरवां के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्थित कलगीधर स्पोट्र्स कल्ब मैदान में जिला स्तरीय प्री सुब्रोतो फुटबॉल खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा नरेन्द्र शर्मा, जिला खेल अधिकारी अनुप सिंह भाकर एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी शशी प्रकाश ने टीमों परिचय लेकर टॉस करके किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य जगदीश गुप्ता, पूर्व प्रधानाचार्य अबनीश गर्ग, मुख्य शिक्षक देवेंद्र दहिया, विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान गुरजीत राम व पंच पवनदीप सिंह विशेष रुप से उपस्थित रहे।



**फतेहाबाद।** प्री सुब्रोतो फुटबॉल खेल प्रतियोगिता के शुभारंभ पर खिलाडिय़ों को प्रोत्साहित करते अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

जिला खेल अधिकारी अनूप सिंह ने कहा कि खेलों से जुडऩे पर युवाओं की नशे दूरी बढ़ती है और उनका शारीरिक विकास होता है। उन्होंने कहा कि एक तरह से खेल नशे पर चोट करते है। खेलों के प्रति बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों का भी रुझान जरुरी है।

खेलों से भी भविष्य सुरक्षित होता है, बेशर्ते पूरी निष्ठा व लगन से अनुशासन में रह कर लगातार सुबह शाम मैदान में अच्छे प्रशिक्षक से कोचिंग लें। इस फुटबाल प्रतियोगिता में लड़कों की आठ टीमों ने भाग दिया वही लड़कियों की चार टीमों में मुकाबले हुए। लड़कियों में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धोलू भूना प्रथम रही वहीं पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शेखपुर दडौली दूसरे स्थान पर रहा। लडक़ों में प्रथम लार्ड कृष्णा स्कूल भूना व दूसरे स्थान पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धोलू रहा।

विजेता टीमों को ट्रॉफी व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अनिल सिहाग, अमित गोदारा, अभय सिंह सिहाग, सुनील कुमार, प्रदीप दहिया, अमित नेहरा, गौरी शंकर साहू, सुभाष भांभू, लवनीश शर्मा, जसवंत डीपी, मनप्रीत कौर, अमृत कौर, पवन कुमार, अंकित शर्मा, राजेश शर्मा, मोहनलाल, सतीश पंवार व भारत गोयल उपस्थित रहे।

## देशभक्ति गीत-संगीत प्रतियोगिता में लक्ष्मी ने पाया प्रथम स्थान

**सिरसा।** लॉयस क्लब सिरसा अमर के संस्थापक अध्यक्ष स्वामी रमेश साहुवाला ने क्लब द्वारा आयोजित देशभक्ति गीत-संगीत प्रतियोगिता में स्थानीय एबीसीडी डांस अकादमी में बतौर मुख्यातिथि कहा कि जीवन में उत्साह होना बहुत जरूरी है। अपने भीतर आत्म विश्वास बनाकर रखने से सभी बाधाएं दूर हो सकती है और हमें सफलता मिल सकती है। उन्होंने कहा कि नृत्य की कला के माध्यम से जहां हम ने केवल अपने स्वास्थ्य को ठीक रख सकते है बल्कि इसके माध्यम हम समाज में अपना विशिष्ट स्थान भी बना सकते हैं। इस अवसर पर उन्होंने हाल ही में सीमा पर हुए बताया कि हमारे सैनिकों ने दुश्मन के हमलों का मुंहतोड़ जवाब दिया।

**सूचना**

मैं, रोशनी पुत्री श्योराम निवासी गांव बैजलपुर तहसील भूना जिला फतेहाबाद बयान करती हूं कि मेरा पुत्र ईश्वर सिंह मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

हम, किशन सिंह पुत्र आत्माराम व बिमला रानी पत्नी किशन सिंह निवासी हंस कालोनी, भट्टू रोड, फतेहाबाद बयान करते हैं कि हमारा पुत्र हैप्पी व पुत्रवधु रोजी बाला व दोनों बच्चे देविक व बानी हमारे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये हम इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### स्कूल में धूमधाम से मनाया मातृ दिवस

**सिरसा।** द सिरसा स्कूल में मातृ दिवस पर हुए कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के प्रति प्रेम और सम्मान प्रकट करते हुए गीत, नृत्य, कविता पाठ व नाटक प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने अपनी भावनाओं को सुंदर ढंग से शब्दों और प्रस्तुतियों में पिरोया, जिससे स्कूल का पूरा माहौल भावनात्मक और प्रेरणादायक हो गया। विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के लिए विशेष रूप से हस्तनिर्मित ग्रीटिंग काड्र्स और क्राफ्ट आइटम्स भी तैयार किए, जो उनके प्रेम और स्नेह का प्रतीक थे।

### अस्पताल के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने रतिया शहर में अस्पताल के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में रामनगर कालोनी रतिया निवासी नाजुक ने कहा है कि गत दिवस वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी काम से बाजार गया था। उसने अपने मोटरसाइकिल को संजय गांधी चौक के पास नवदीप अस्पताल के बाहर खड़ा किया और अंदर चला गया।

### चोरी की मोटरसाइकिल सहित आरोपी दबोचे

**सिरसा।** पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल सहित दो आरोपियों को काबू किया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान सुरजीत सोनी निवासी कीर्ति नगर गली नंबर 6 व सुखविंद्र सिंह निवासी गोल डिग्गी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि पुलिस की टीम शाह सतनाम चौक के समीप वाहनों की चैकिंग कर रही थी। इसी दौरान टीम सदस्यों को सूचना मिली कि चोरी की बाइक सहित आरोपी सतनाम चौक की ओर आ रहे हैं। टीम सदस्यों ने बिना नंबर प्लेट की बाइक को रूकवाकर आरोपियों को पकड़ा।

### स्कूल के पास से बाइक चोरी

**सिरसा।** जिला के गांव फूलकां स्थित श्रीराम स्कूल के पास से चोर एक मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में गांव फूलकां निवासी जोगिंद्र सिंह ने बताया कि उन्होंने उक्त बाइक गांव के ही निहाल सिंह से खरीदी थी। बीती 12 मई को श्रीराम स्कूल के पास बाइक खड़ी की थी। कुछ देर बाद संभाला तो बाइक गायब मिली। उसने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद उसने पुलिस को सूचित किया।

### चोरी के वाहन सहित युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत टोहाना पुलिस ने एक युवक को चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी दीपू पुत्र श्याम लाल निवासी खटीक मोहल्ला, रतिया के रूप में हुई है। थाना शहर टोहाना प्रभारी इंस्पैक्टर प्रहलाद सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 11 अप्रैल को न्यू गुप्ता कालोनी के युवक ने शिकायत दर्ज करवाई थी।

## एसपी ने व्यापारियों व अधिकारियों के साथ की बैठक

# बैंकों, पेट्रोल पंप व ठेकों पर सीसीटीवी लगाने के निर्देश

सीसीटीवी कैमरों में 30 दिनों तक रिकॉर्डिंग सेव रखनी जरूरी, सभी प्रतिष्ठानों में सुरक्षा गार्डों की तैनाती सुनिश्चित की जाए, रात के समय चौकसी भी रखें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** दुकानदारों की बैठक को संबोधित करते एसपी सिद्धांत जैन। फोटो : हरिभूमि

जिले में व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में बैंक प्रबंधक, आभूषण विक्रेता ज्वेलर्स, शराब कारोबारी, पेट्रोल पंप संचालक तथा दवा विक्रेता मेडिकल स्टोर संचालकों ने भाग लिया। एसपी ने कहा कि वर्तमान समय में संगठित अपराध, चोरी, लूटपाट, साइबर ठगी जैसी घटनाओं की रोकथाम हेतु सुरक्षा उपायों की मजबूती एवं सतर्कता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी प्रतिष्ठानों से सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने की अपील की।

बैठक में एसपी ने व्यापारियों को निर्देश दिए किए बैंक एवं ज्वेलरी शॉप में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए जाएं, जो 30 दिनों तक रिकॉर्डिंग सेव रख सकें। सभी प्रतिष्ठानों में सुरक्षा गार्डों की तैनाती सुनिश्चित की जाए, विशेष रूप से रात के समय। शराब ठेकों और पेट्रोल पंपों पर भीड़भाड़ नियंत्रण, सीसीटीवी कवरेज और प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ की जाए। मेडिकल स्टोर्स में नशीली दवाओं की बिक्री पर सतर्क दृष्टि रखी जाए एवं संदेहास्पद व्यक्तियों की सूचना तत्काल पुलिस को दी जाए। किसी भी संदिग्ध गतिविधि, ग्राहक या वाहन की जानकारी पुलिस कंट्रोल रूम डायल 112 या निकटतम थाने को शीघ्र दी जाए। प्रतिष्ठान संचालक कर्मचारियों का सत्यापन पुलिस के माध्यम से कराएं, ताकि किसी भी असामाजिक तत्व की नियुक्ति से बचा जा सके। रात्रिकालीन पेट्रोलिंग टीम के साथ संपर्क बनाए रखें और उनकी सहायता से सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर करें।

### सहयोग का आश्वासन

एसपी सिद्धांत जैन ने कहा कि अपराधियों को भय और आमजन को विश्वास का वातावरण देना पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने व्यवसायियों से सुरक्षा उपायों में कोताही न बरतने की सख्त हिदायत दी और आश्वासन दिया कि पुलिस प्रशासन हर स्तर पर सहयोग के लिए तत्पर है। उन्होंने यह भी बताया कि जिले में जल्द ही व्यवसायिक सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, जिसके अंतर्गत प्रतिष्ठानों को सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण एवं परामर्श दिया जाएगा। बैठक में डीएसपी मुख्यालय एवं क्राईम संजय कुमार, सुरक्षा प्रभारी सत्यावान सहित विभिन्न व्यवसायिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# स्केटिंग में अक्षिता ने मारी बाजी

- जिला रोलर स्केटिंग एसो. में डीएवी पुलिस स्कूल छाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** डीएवी पुलिस स्कूल की छात्रा अक्षिता को सम्मानित करते एसोसिएशन सदस्य। फोटो : हरिभूमि

पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल की खिलाड़ी अक्षिता ने जिला रोलर स्केटिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय इंटर क्लब रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए बाजी मारी है। अक्षिता ने अपने आयु वर्ग में द्वितीय स्थान हासिल कर सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया है। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के आधार पर अक्षिता का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जो विद्यालय के लिए अत्यंत गौरव की बात है। विद्यालय के प्राचार्य अरूण शर्मा ने बताया कि विद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को लेकर विशेष ध्यान दिया जाता है। शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी स्कूल के खिलाडिय़ों ने अपने दमदार प्रदर्शन के आधार पर विद्यालय का नाम रोशन किया है। उन्होंने विजेता खिलाड़ी अक्षिता व विद्यालय के कोच को बधाई दी और छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन किया।

### फतेहाबाद में होगा दिव्य गीता सत्संग

**फतेहाबाद।** श्री कृष्ण कृपा जिओ गीता परिवार, फतेहाबाद की ओर से एक भव्य दिव्य गीता सत्संग का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज शिरकत करेंगे। यह सत्संग कार्यक्रम 25 मई से 28 मई तक पुरानी अनाज मंडी शेड के नीचे आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक प्रवीण झंडई ने बताया कि प्रतिदिन सायं 7 बजे से 9:30 बजे तक ज्ञानानंद महाराज द्वारा गीता के दिव्य संदेशों का प्रवचन किया जाएगा। सत्संग के पश्चात भंडारा प्रसादी का भी आयोजन किया गया है। जिओ गीता परिवार फतेहाबाद के प्रधान दीपक सरदाना ने शहर वासियों को न्योता दिया है।

## रंजिश के चलते होमगार्ड जवान पर तेजधार हथियारों से हमला

**फतेहाबाद।** पुरानी रंजिश के चलते होमगार्ड जवान पर कुछ युवकों द्वारा तेजधार हथियारों से हमला करने का समाचार है। पुलिस को दी शिकायत में गांव हिजरावां कलां निवासी सुरज ने कहा है कि वह होमगार्ड में थाना जाखल में ड्यूटी करता है। गत दिवस वह ड्यूटी पर जाने के लिए मोटरसाइकिल पर फतेहाबाद की तरफ आ रहा था। जैसे ही वह शिव मंदिर हांसपुर के पास पहुंचा तो एक कार ने उसके मोटरसाइकिल को रोक लिया। इसके बाद पीछे से दो मोटरसाइकिल पर आए युवकों ने उसे पकड़ लिया और उस पर बिण्डों व कापों से हमला कर दिया। एक युवक के हाथ में पिस्टल भी थी। सभी सातों युवकों ने उसकी बुरी तरह पिटाई की। उसके शोर मचाने पर हमलावर अपनी गाड़ी व मोटरसाइकिलों पर सवार होकर उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। सूरज ने कहा कि एक हमलावर ने उसे कहा था कि उसके दोस्त लाड़ी से लड़ाई झगड़ा करने का मजा चखाया है। सूरज ने कहा कि उसका लाड़ी पुत्र रंगा व काला पुत्र मेजर ड्रूकसह के साथ लड़ाई झगड़े का केस चल रहा है। इसी रंजिश के चलते दोनों ने अपने दोस्तों को बुलाकर उस पर हमला किया है। घायल को फतेहाबाद के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सनशाइन स्कूल में टॉपर सम्मानित

- टॉपर बच्चों को ट्रॉफी देकर और शाल ओढ़ाकर किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना



**भूना।** प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए नेजमेंट कमेटी के सदस्य।

सनशाइन सीनियर सेकेंडरी स्कूल भूना में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। स्कूल में आयोजित समारोह में मैनेजिंग डायरेक्टर प्रेम सिंह नैन मुख्य अतिथि रहे व अध्यक्षता प्रिंसिपल कविता नैन ने की। मंच संचालन राजेश कुमार ने किया। प्राचार्या कविता नैन ने बताया कि 12वीं कक्षा में कुल 38 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। इनमें 4 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। 12 विद्यार्थियों ने 85 से 89 प्रतिशत के बीच अंक हासिल किए। बाकी सभी छात्र 75 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर पास हुए।

10वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया। कशिश ने 93 प्रतिशत अंक लेकर टॉप किया। नितिन ने 90 प्रतिशत, सिमरन ने 88.2 प्रतिशत, दीपेश ने 83.4 प्रतिशत, अंशु ने 82 प्रतिशत, साक्षम ने 81 प्रतिशत और नविना ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय की प्राचार्या ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। टॉपर्स को फूलमालाएं पहनाकर ट्रॉफी दी गई। उनके अभिभावकों को शाल और बुके देकर सम्मानित किया गया। मैनेजिंग डायरेक्टर प्रेम सिंह नैन ने इस सफलता का श्रेय छात्रों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया।

# ललौदा के सरकारी स्कूल में इतिहास विषय में मेरिट होल्डर को बांटे चांदी के सिक्के

- सरकारी स्कूल का 12वीं का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** ललौदा विद्यालय में छात्राओं को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य।

टोहाना खंड के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, ललौदा के होनहार विद्यार्थियों को विगत वर्षों की भांति इस बार भी इतिहास विषय में मेरिट आने पर चांदी के सिक्के बांटे गए। इतिहास प्रवक्ता धनेन्द्र गिल ने बताया कि 13 मई को हरियाणा शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में ललौदा सरकारी स्कूल का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा। इतिहास सब्जेक्ट में मेरिट लाने वाले 3 विद्यार्थियों को चांदी के सिक्के देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि सत्र की शुरूआत में ही विद्यार्थियों को इतिहास विषय में 80 प्रतिशत से अधिक अंक आने पर चांदी का सिक्का देने का वायदा किया था। इस बार चांदी का सिक्का प्राप्त करने में 3 विद्यार्थी सफल रहे। प्रार्थना सभा में इन होनहार विद्यार्थियों को चांदी के सिक्के भेंट किए। सम्मानित होने वाले छात्रों में संदीप, सपना और सुशील कुमारी थे। प्रिंसिपल सत्यवान घणघस ने छात्रों को शुभकामनाएं दी।

### ये रहे मौजूद

उल्लेखनीय है कि विगत पांच वर्षों से धनेन्द्र गिल इतिहास में मेरिट लाने वाले विद्यार्थियों को चांदी का सिक्का देकर सम्मानित कर रहे हैं। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ धर्मबीर, महिपाल, गगन, राममेहर, राजबीर, मनजीत, सुरेश आर्य, प्रेमचंद, जागृति, बलबीर, मुनीश, ताराचंद, बीना, सीमा, रेखा, हरदीप, रविंद्र, नवीन, संजय, संजीव, कर्मबीर सहित प्राईमरी स्कूल के अध्यापक भी मौजूद थे।

## रोडवेज वर्कर्स यूनियन ने जीएम से भेंट कर मांगापत्र सौंपा



**सिरसा।** रोडवेज वर्कर्स यूनियन जीएम से शिष्टाचार भेंट करते हुए।

**सिरसा।** सिरसा डिपो के नवनियुक्त महाप्रबंधक अनित यादव से हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। प्रतिनिधिमंडल में यूनियन के पदाधिकारी प्रदेश प्रवक्ता व डिपो प्रधान पृथ्वी सिंह चाहर, कोषाध्यक्ष रविंद्र कुमार व सचिव सतपाल सिंह रानियां शामिल थे। यूनियन पदाधिकारियों ने गुलदस्ता भेंट कर नवनियुक्त महाप्रबंधक को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वहीं यूनियन पदाधिकारियों ने महाप्रबंधक को कर्मचारियों व डिपो स्तर की समस्याओं बारे भी अवगत करवाया और एक मांगपत्र भी सौंपा। उन्होंने महाप्रबंधक को बताया कि डिपो की प्रमुख समस्या पीने के पानी की है, जोकि लंबे समय से चली आ रही है। इसके अलावा कई अन्य मुख्य समस्याओं से जीएम को अवगत करवाया गया। महाप्रबंधक ने यूनियन पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि कर्मचारियों की समस्याओं का प्राथमिकता से हल करेंगे।

## समाधान शिविर में ठेकेदार की शिकायत

- अशोक नगर में ठेकेदार ने सही नहीं किया गली का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनते अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया। फोटो : हरिभूमि

अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने अधिकारियों को कहा कि वे अपने विभाग में समाधान शिविर में प्राप्त लंबित शिकायतों का निपटान जल्द करवाना सुनिश्चित करें। वीरवार को लघु सचिवालय में स्थित बैठक कक्ष में आयोजित समाधान शिविर में एडीसी नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई कर रहे थे। सरकार के दिशा निर्देश अनुसार सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक जिला मुख्यालय व उपमंडल स्तर रतिया व टोहाना में समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसलिए नागरिक अपनी शिकायत इस समाधान शिविर में रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि नागरिकों की शिकायतों का निवारण करना अधिकारियों का दायित्व है। आज के समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतों को सुना और उन्हें संबंधित विभाग को सौपते हुए जल्द से जल्द निपटान करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में गांव फुलां निवासी सुरेश कुमार ने सरपंच पर उचित कार्रवाई न करने की शिकायत दी।

## मां के नाम एक पेड़ स्कीम के तहत विभाग करेगा पौधारोपण

- जनस्वास्थ्य विभाग शहर के सभी क्षेत्रों में करेगा पौधरोपण

**रतिया।** जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के सभी शहरों में 'मां के नाम एक पेड़' स्कीम को शुरू किया गया है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग फतेहाबाद जिला सलाहाकार शर्मा चंद लाली ने बताया कि इस स्कीम के तहत विभाग नेशनल अर्बन लाइवहुड के साथ मिलकर सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं के माध्यम से शहर के उन सभी क्षेत्रों में पौधारोपण करेंगे जहां-जहां जगह खाली है। शर्मा चंद लाली ने बताया कि पौधारोपण आज की सभी बहुत ज्यादा आवश्यकता है। पौधों के निरन्तर काटने व कम पौधे लगने के कारण ही मौसम में लगातार परिवर्तन आ रहा है। गर्मी बढ़ रही है, वर्षा कम होती है। पौधे मनुष्य के साथ-साथ धरती के अन्य जीवो के लिए भी बहुत ज्यादा जरूरी हैं। पेड़ों की कमी के कारण ही आज बहुत से पक्षियों की प्रजाति लुप्त होती जा रही है। विभाग आमजन से भी अपील करता है कि जैसे ही मानसून शुरू हो जाए, सभी अपने घरों, खेतों व सार्वजनिक स्थानों पर पेड़ लगाए। इसके साथ साथ जिले में जल सरंक्षण अभियान चलाकर ऐसे सभी कनेक्शनों को भी जो सर्विस स्टेशन, सब्जियों इत्यादि में कर रहे हैं, कार्रवाई करेंगे।

## पुलिस ने भट्ठों पर काम करने वाले मजदूरों का रिकॉर्ड जांचा

- शहर थाना प्रभारी प्रहलाद सिंह के नेतृत्व में सीआईडी की संयुक्त टीम ने जांच अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना



**टोहाना।** ईंट भट्टे पर जाकर जांच करते थाना प्रभारी इंस्पेक्टर प्रहलाद सिंह।

शहर थाना के अंतर्गत आने वाले विभिन्न ईंट भट्ठों पर काम करने वाले मजदूरों की जांच को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। इसके तहत शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर प्रहलाद सिंह के नेतृत्व में सुरक्षा अभिकर्ता थाना व सीआईडी विभाग द्वारा संयुक्त टीम बनाकर जांच की गई। इस दौरान टीम के सदस्य गणेश ब्रिक्स कंपनी, मोदी ब्रिक्स कंपनी, छोटू राम ब्रिक्स कंपनी, आरके ब्रिक्स कंपनी पर पहुंची। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर प्रहलाद सिंह ने भट्ठा मालिकों को आदेश दिए गए कि कोई भी मजदूर व्यक्तियों को काम पर रखा जाता है तो उनकी सूचना संबंधित थाने में दें ताकि उनका रिकॉर्ड चेक करवाया जा सके। उन्होंने कहा कि शहर में कोई भी मकान मालिक अपने किराएदार को कमरा देने से पहले उसे व्यक्ति की थाने में सूचना देकर जांच जरूर करवा ले।

**ट्रेनिंग** छात्राओं को जीवन रक्षक तकनीकों के बारे में दी गई जानकारी

# गर्ल्स कॉलेज में लगा सिविल डिफेंस शिविर आपात स्थिति से निपटने का दिया प्रशिक्षण

एनसीसी कैडेट्स व एनएसएस स्वयंसेवकों रेडक्रॉस वालंटियर्स ने हिस्सा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद




**फतेहाबाद।** गर्ल्ज कॉलेज में सिविल डिफेंस प्रशिक्षण कैंप में ट्रेनिंग देते जिला रेडक्रॉस सोसायटी के मास्टर ट्रैनर।

चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में उपायुक्त मनदीप कौर के निर्देशानुसार वीरवार को सिविल डिफेंस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों, एनसीसी व एनएसएस कैडेट्स, रेडक्रॉस वॉलिंटियर्स और युवाओं को आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार करना तथा उन्हें जीवन रक्षक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण देना था। इस विशेष प्रशिक्षण शिविर में जिला प्रशिक्षण अधिकारी दलबीर सिंह, प्लाटून कमांडर होमगार्ड एवं फायर ऑफिसर प्रदीप कुमार, एसआई राजेश कुमार बूमरा ने प्रशिक्षणकर्ता के रूप में भाग लिया। उन्होंने प्रतिभागियों को आपदा प्रबंधन, प्राथमिक उपचार, आग लगने पर राहत एवं बचाव कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को ट्रेनिंग दी गई कि किसी भी आपदा जैसे युद्ध होने, भवन गिरने, गैस लीक, सडक़ दुर्घटना आदि की स्थिति में किस प्रकार त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया दी जा सकती है। शिविर में विद्यार्थियों को प्राथमिक चिकित्सा की आवश्यक विधियां जैसे घाव पर पट्टी बांधना, रक्तस्राव रोकना, हड्डी टूटने की स्थिति में उपाय, जलने पर फर्स्ट एड देना तथा हृदयघात जैसी जीवन रक्षक तकनीकों का अभ्यास कराया गया।

### 450 ने करवाया रजिस्ट्रेशन

उन्होंने यह भी बताया कि सिविल डिफेंस का कार्य केवल आपदा के समय ही नहीं होता, बल्कि उसकी तैयारी, समन्वय और जागरूकता फैलाना भी इसमें शामिल है। इस शिविर में बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेवक, वॉलिंटियर्स सहित कॉलेज की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मौके पर ही 450 छात्राओं ने सिविल डिफेंस प्रशिक्षण के लिए अपना पंजीकरण करवाया। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण में दिखाई गई तकनीकों को स्वयं करके देखा और अनुभव प्राप्त किया, जिससे उनमें आत्मविश्वास और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का विकास हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्य डा. लखवीर कौर एवं स्टाफ ने जिला प्रशासन तथा प्रशिक्षण अधिकारियों का आभार व्यक्त किया और ऐसे कार्यक्रमों को शिक्षा का अभिन्न अंग मानते हुए भविष्य में पुनः आयोजन की मांग की। इस अवसर पर जीआरसी कॉर्डिनेटर कृष्ण कक्कड, अनिल इंदल, प्रो. विजय गढवाल व अन्य मौजूद रहे।